भारतीय संसदीय ग्रुप

वार्षिक प्रतिवेदन

2018-2019

सील

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

दिसंबर, 2019

क्रम सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ
1.	प्रस्तावना	
2.	कार्यकारिणी समिति का गठन	
3.	कार्यकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष तथा सदस्य	
4.	लेखा परीक्षक	

भाग-एक

अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) से संबंधित कार्यकलाप		
एक.	**अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के तत्वाधान में सांविधिक सभाओं का आयोजन**	
1.	जेनेवा, स्विट्जरलैंड में 24 से 28 मार्च, 2018 के बीच आयोजित अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 138वीं सभा	
2.	जिनेवा, स्विट्जरलैंड में 14 से 18 अक्तूबर के बीच आयोजित अंतर संसदीय संघ की 139वीं सभा	
दो.	**अन्य विशिष्ट बैठकें**	
1.	26 और 27 जून, 2018 को साइप्रस में आयोजित आर्थिक और सतत विकास संबंधी एशियाई संसदों की असेम्बली संबंधी स्थायी समिति की बैठक	
2.	11-12 जुलाई, 2018 को कोलम्बों (श्री लंका) में एसडीजी संबंधी दक्षिण एशियाई अध्यक्षों (स्पीकर्स) का तीसरा शिखर सम्मेलन	
3.	3 से 7 सितम्बर, 2018 तक सिंगापुर में आसियान अंतर संसदीय असेम्बली (एआईपीए) की 39वीं सामान्य सभा	
4.	17 से 19 सितम्बर को कोलंबो (श्री लंका) में ससंदविद	

	समीक्षा मंच 'ईवीएएल कोलम्बो 2018' की प्रथम बैठक	
5.	19 से 21 सितम्बर, 2018 को बाकु, अजरबैजान में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अजरबैजान की प्रथम संसद का 100वां वार्षिक समारोह	
6.	सितम्बर, 2018 में ब्रूसेल्स, यूरोपीय संसद में 10वीं एशियाई-यूरोप संसदीय साझेदारी बैठक (एएसईपी-10)	
7.	2 से 5 अक्तूबर, 2018 को जेनेवा में (एक) विश्व व्यापार संगठन के संबंध में संसदीय सम्मेलन के आईपीयू संचालन समिति का 42वां सत्र (दो) विश्व व्यापर संगठन लोक मंच 2018 की रूप रेखा के अंतर्गत संसदीय सत्र और (तीन) विश्व व्यापार संगठन लोक मंच 2018 की बैठकें सम्पन्न हुई	
8.	4 से 6 अक्तूबर, 2018 को ईजमिर (तुर्की) में सामाजिक तथा सांस्कृतिक मामलों संबंधी एपीए स्थायी समिति की बैठकें और एपीए कार्यकारिणी परिषद की प्रथम बैठक	
9.	31 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2018 तक ब्यूनस एयर्स (अर्जेंटीना) में जी-20 संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन की बैठक	
10.	29 नवम्बर-2 दिसम्बर तक इस्तांबुल, तुर्की में एपीए की 11वीं पूर्ण और दूसरी कार्यकरिणी परिषद की बैठक	
11.	3-5 दिसम्बर, 2018 को जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में आठवां विश्व ई-संसद सम्मेलन आयोजित हुआ	
12.	6-7 दिसंबर, 2018 को जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में विश्व व्यापार संगठन संबंधी संसदीय सम्मेलन का वार्षिक 2018 सत्र संपन्न हुआ	
तीन.	**अंतर संसदीय संघ की केन्द्रीय निधि में अंशदान**	

भाग-दो

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) से जुड़ी कार्य घटनाएं		
एक.	अप्रैल, 2018 में लंदन, ब्रिटेन में राष्ट्रमंडल महिला मंच शिखर सम्मेलन का आयोजन	

दो.	राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की जून,2018 में विल्टन पार्क, वेस्ट ससेक्स, ब्रिटेन में लोकतांत्रिक विधायिकाओं हेतु मानदंडों संबंधी बैठक	
तीन.	राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) कार्यकारिणी समिति की नवम्बर, 2018 में लंदन, ब्रिटेन में आयोजित बैठक	
चार.	जनवरी, 2019 में वालेटा, माल्टा में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मलेन संबंधी स्थायी समिति (सीएसपीओसी) की बैठक	
पांच.	**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में वार्षिक योगदान**	

भाग-तीन

द्विपक्षीय विचार-विमर्श एवं अन्य घटनाएं		
एक.	**भारत में आमांत्रित विदेशी संसदीय शिष्टमंडल**	
1.	9 से 14 सितम्बर, 2018 तक श्री लंका का संसदीय शिष्टमंडल	
2.	8 से 10 दिसम्बर 2018 तक रूसी संघ का संसदीय शिष्टमंडल	
3.	16 से 21 दिसम्बर, 2018 तक जाम्बिया गणराज्य का संसदीय शिष्टमंडल	
दो.	**विदेशों के दौरे पर भरतीय संसदीय शिष्टमंडल**	
1.	भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने 9 से 13 जून, 2018 तक बेलारूस की यात्रा की।	
2	भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने 13 से 18 जून, 2018 तक लातविया और फिनलैंड की यात्रा की।	
तीन.	**संसदभवन परिसर में विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों का दौरा**	
चार.	**भारतीय संसदीय समूह के तत्वावधान में आयोजित समारोह/सम्मेलन और राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि**	
1.	राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि	

2.	वर्ष 2013, 2014, 2015, 2016 और 2017 हेतु उत्कृष्ट सांसद सम्मान प्रदान करने हेतु समारोह	
पांच.	**परिचय पत्र/फैक्स सन्देश**	
छह.	**अन्य देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन**	
सात.	**सदस्यता**	
आठ.	**निधन संबंधी उल्लेख**	
नौ.	**लेखे**	
दस.	**आयोजित बैठकें**	
1.	भारतीय संसदीय समूह की कार्यकारिणी समिति की बैठक	
2.	भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक आम बैठक	
3.	संसदीय मैत्री समूह की बैठकें	

परिशिष्ट

परिशिष्ट–I	संसदीय मैत्री समूहों की सूची	
परिशिष्ट–II	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु प्राप्ति और भुगतान लेखा-प्रक्रियाधीन	
परिशिष्ट–III	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु आय और व्यय लेखा-प्रक्रियाधीन	
परिशिष्ट–IV	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु तुलन पत्र-प्रक्रियाधीन	
परिशिष्ट–V	लेखापरीक्षक का प्रमाणपत्र-प्रक्रियाधीन	
परिशिष्ट–VI	भारतीय संसदीय समूह के निवेश	
परिशिष्ट–VII	वर्ष 2018-19 में समूह की कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय	

भारतीय संसदीय ग्रुप

वार्षिक प्रतिवेदन
(2018-2019)

प्रस्तावना

भारतीय संसदीय ग्रुप (जिसका उल्लेख अब 'ग्रुप' के रूप में किया जायेगा) की कार्यकारिणी समिति 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के लिए अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। यह प्रतिवेदन निम्नलिखित तीन भागों में विभाजित है:-

भाग-एक **अंतर संसदीय संघ**

भाग-दो **राष्ट्रमंडल संसदीय संघ**

भाग-तीन **द्विपक्षीय विचार-विमर्श तथा अन्य घटनाएं**

2. **<u>कार्यकारिणी समिति का गठन</u>**

अध्यक्ष: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन उक्त वर्ष के लिए ग्रुप की पदेन अध्यक्ष बनी रहीं।

उपाध्यक्ष: लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तंबिदुरै उक्त वर्ष के ग्रुप के पदेन उपाध्यक्ष बने रहे।

राज्य सभा के उपसभापति प्रो. पी. जे. कुरियन 1 जुलाई, 2018 तक ग्रुप के पदेन सभापति बने रहे। श्री

हरिवंश 9 अगस्त, 2018 को राज्य सभा के उपसभापति निर्वाचित हुए तथा उक्त तिथि से ग्रुप के पदेन उपसभापति बने।

महासचिव: लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव उक्त वर्ष के लिए ग्रुप की पदेन महासचिव बनी रहीं।

3. कार्यकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष तथा सदस्य

ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा 14 जनवरी, 2018 को वर्ष 2017-2018 के लिए ग्रुप की जिस कार्यकरणी समिति का गठन किया गया था वह 2018-2019 के लिए भी बनी रही। इसका गठन निम्नवत है:

कोषाध्यक्ष

	श्री ओम बिरला,	संसद सदस्य

सदस्य

2.	श्री रमेश बैस,	संसद सदस्य
3.	श्री राकेश सिंह,	संसद सदस्य
4.	श्री अनिल शिरोले,	संसद सदस्य
5.	डा. हिना विजयकुमार गावीत,	संसद सदस्य
6.	श्री राजीव सातव,	संसद सदस्य
7.	श्री सुदीप बन्दोपाध्याय,	संसद सदस्य
8.	***श्री बैजयंत 'जे' पांडा,**	**संसद सदस्य**
9.	श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले,	संसद सदस्य
10.	श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन,	संसद सदस्य
11.	डा. सत्यनारायण जटिया,	संसद सदस्य (राज्य सभा)
12.	श्री रणविजय सिंह जूदेव,	संसद सदस्य (राज्य सभा)

* श्री बैजयंत 'जे' पांडा, संसद सदस्य (लोकसभा) ने 18.07.2018 को लोक सभा से त्यागपत्र दे दिया।

13. डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे, संसद सदस्य (राज्य सभा)
14. श्री अनिल देसाई, संसद सदस्य (राज्य सभा)
15. श्री नरेश गुजराल, संसद सदस्य (राज्य सभा)

<u>सहयोगी सदस्य</u>

16. डा. कर्ण सिंह, पूर्व संसद सदस्य
17. श्री सीताराम येचुरी, पूर्व संसद सदस्य
18. डा. वल्लभभाई कठीरिया, पूर्व संसद सदस्य
19. श्री प्रदीप गांधी, पूर्व संसद सदस्य
20. श्रीमती भावना कर्दम दवे, पूर्व संसद सदस्य

<u>आमंत्रिती</u>

श्री देश दीपक वर्मा,
महासचिव, राज्य सभा

4. **लेखा परीक्षक** वर्ष 2018-2019 के लिए मैसर्स एस.एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी को ग्रुप का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया।

भाग-एक

<u>अंतर संसदीय संघ से संबंधित कार्यकलाप</u>

अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की सांविधिक सभाओं तथा अन्य विशिष्ट बैठकों में भारतीय संसदीय ग्रुप का प्रतिनिधित्व

(एक) <u>अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के तत्वाधान में सांविधिक सभाओं का आयोजन</u>

1. जेनेवा, स्विट्जरलैंड में 23 से 28 मार्च, 2018 के बीच आयोजित अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 138वीं सभा

24 से 28 मार्च, 2018 तक जेनेवा, स्विट्जरलैंड में अंतर संसदीय संघ की 138वीं सभा का आयोजन किया गया। लोक सभा के माननीय उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बिदुरै के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने इस सभा में भाग लिया। शिष्टमंडल के अन्य सदस्य थे: डा. (प्रो.) किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी, संसद सदस्य, श्री दिलीपकुमार तिर्की, संसद सदस्य, श्री नागेन्द्र सिंह, संसद सदस्य, डा. हरिबाबू कंभमपति, संसद सदस्य, डा. उमा सरेन संसद सदस्य, तथा डा. विकास महात्मे संसद सदस्य। श्री पी.सी. कौल, संयुक्त सचिव लोक सभा, शिष्टमंडल के सचिव थे।

लोक सभा के माननीय उपाध्यक्ष ने आम चर्चा में भाग लिया जिसका विषय था- ''प्रवासियों और शरणार्थियों के लिए वैश्विक शासन का सुदृढ़ीकरण: साक्ष्य आधारित नीतिगत समाधान की आवश्यकता''। सभा ने अपने समापन सत्र में आम चर्चा के विषय पर एक निष्कर्ष दस्तावेज़ अंगीकार किया। शिष्टमंडल के सभी सदस्य सभा में सम्मिलित हुए। शिष्टमंडल के सदस्य अंतर संसदीय संघ की एशिया-पैसिफिक जिओ पॉलिटिकल ग्रुप (एपीजी) की बैठक के साथ-साथ आईपीयू की शासी परिषद तथा आईपीयू की चार स्थायी समितियों की बैठकों में भी शामिल हुए। शिष्टमंडल के कुछ सदस्य युवा सांसद मंच तथा महिला सांसद मंच की बैठकों में भी शामिल हुए।

2. **<u>जेनेवा, स्विट्जरलैंड में 14 से 18 अक्तूबर, 2018 के बीच आयोजित अंतर संसदीय संघ की 139वीं सभा</u>**

14 से 18 अक्तूबर, 2018 के बीच जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में अंतर संसदीय संघ की 139वीं सभा आयोजित की गई। माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने इस सभा में भाग लिया। डा.एम. तम्बिदुरै, माननीय उपाध्यक्ष लोक सभा तथा श्री हरिवंश, माननीय उपसभापति, राज्य सभा ने भी श्रीमती महाजन के साथ सभा में भाग लिया। शिष्टमंडल के अन्य सदस्य इस प्रकार थे- डा. संजय जायसवाल, संसद सदस्य, लोक सभा, श्री अनिल देसाई, संसद सदस्य, राज्य सभा, श्री नागेन्द्र सिंह संसद सदस्य, लोक सभा, श्री हरीश चन्द्र मीणा, संसद सदस्य, लोक सभा, डा. हिना विजयकुमार गावीत, संसद सदस्य, लोक सभा तथा श्रीमती प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह,संसद सदस्य, लोक सभा।

श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, महासचिव, लोक सभा तथा श्री देश दीपक वर्मा, महासचिव राज्य सभा के अतिरिक्त संसदों के महासचिवों के संगठन के सदस्यों ने भी भाग लिया। श्री पी.सी. कौल, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय, शिष्टमंडल के सचिव थे।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने सभा की आम चर्चा में भाग लिया जिसका विषय था- ''नवाचार और प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में शांति और विकास के संवर्धन में संसदीय नेतृत्व''। सभा ने अपने समापन सत्र में आम चर्चा के विषय पर एक निष्कर्ष दस्तावेज़ अंगीकार किया। डा. हिना विजय कुमार गावीत, संसद सदस्य, लोक सभा ने भी आम चर्चा में भाग लिया और युवाओं की दृष्टि से उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। भारतीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सभा के दौरान कई अन्य बैठकों में भी भाग लिया जैसे कि अंतर संसदीय संघ की एशिया पैसिफिक जिओ पॉलिटिकल ग्रुप, एशियन पार्लियामेंट्री असेम्बली, आईपीयू,

एडवाइजरी ग्रुप ऑन हेल्थ, गवर्निंग कौंसिल, आईपीयू की चार स्थाई समितियां, युवा सांसद मंच तथा महिला सांसद मंच इत्यादि।

इसी सभा के साथ-साथ ब्रिक्स पार्लियामेंट्री फोरम की बैठक भी आयोजित की गई थी। ब्रिक्स पार्लियामेंट्री फोरम की बैठक में राज्य सभा के माननीय उपसभापति के साथ-साथ श्री अनिल देसाई, संसद सदस्य, राज्य सभा, डॉ. हरिबाबू कंभमपति, संसद सदस्य, लोक सभा, श्री हरीश मीणा, संसद सदस्य, लोक सभा, तथा डॉ. हिना विजयकुमार गावीत, संसद सदस्य, लोक सभा ने भाग लिया।

दो **<u>अन्य विशिष्ट बैठकें:</u>**

1. **<u>26 और 27 जून, 2018 को साइप्रस में, आयोजित आर्थिक और सतत विकास संबंधी एशियाई संसदों की असेम्बली संबंधी स्थाई समिति की बैठक</u>।**

26 और 27 जून, 2018 को साइप्रस में आर्थिक और सतत विकास संबंधी एशियाई संसदों की असेम्बली (एवीए) संबंधी स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में शिष्टमंडल के नेता डॉ. संजय जायसवाल, संसद सदस्य, लोक सभा, डॉ. मनोज राजोरिया, संसद सदस्य लोक सभा तथा श्री अमर सांबले संसद सदस्य, राज्य सभा, ने भाग लिया। श्री वाई.एम. कंडपाल, निदेशक लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे। स्थाई

समिति की बैठक के दौरान विभिन्न प्रारूप संकल्यों पर चर्चा की गई और उन्हें अंगीकार किया गया।

2. **<u>11-12 जुलाई, 2018 को कोलम्बों (श्रीलंका) में सतत विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) संबंधी दक्षिण एशियाई अध्यक्षों (स्पीकर्स) का तीसरा शिखर सम्मेलन</u>**

11-12 जुलाई, 2018 को कोलम्बों (श्रीलंका) में सतत विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) संबंधी दक्षिण एशियाई अध्यक्षों (स्पीकर्स) का तीसरा शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस शिखर सम्मेलन में माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने शिष्टमंडल का नेतृत्व किया। श्री भुवनेश्वर कालिता, संसद सदस्य, राज्य सभा ने शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में सम्मेलन में भाग लिया। श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, महासचिव, लोक सभा ने भी सम्मेलन में भाग लिया। ''सतत् समान और हरित आर्थिक विकास हेतु क्षेत्रीय संसदीय सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी शिखर सम्मेलन के विषय के अंतर्गत सतत विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। माननीय अध्यक्ष ने इसके पूर्ण अधिवेशन में भाग लिया और इन्दौर घोषणा पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उक्त सम्मेलन के समापन पर एक निष्कर्ष दस्तावेज को अंगीकार किया गया।

3. **<u>3 से 7 सितम्बर, 2018 तक सिंगापुर में आसियान अंतर संसदीय असेम्बली (एआईपीए) की 39वीं सामान्य सभा</u>**

उसे 7 सितम्बर, 2018 तक सिंगापुर में आसियान अंतर संसदीय (एआईपीए) की 39वीं सामान्य सभा में श्री कीर्तिवर्धन सिंह संसद सदस्य लोक सभा, ने भाग लिया। इस सभा में विचार-विमर्श का समग्र विषय था: 'एक लचीले और अभिनव समुदाय की ओर' माननीय सदस्य ने उक्त विषय पर अपना वक्तव्य दिया तथा जलवायु कार्यवाई तथा सक्रिय उम्र वृद्धि पर अनुभवों का आदान-

प्रदान विषय पर एआईपीए के पर्यवेक्षक देशों के साथ संवाद सत्र में माननीय लोक सभा अध्यक्षने भाग लिया।

4. <u>17 से 19 सितंबर 2018 को कोलंबो (श्रीलंका) में संसदविद समीक्षा मंच 'ईवीएएल कोलंबो 2018' की प्रथम बैठक</u>

17 से 19 सितंबर 2018 को कोलंबो (श्रीलंका) में संसदविद समीक्षा मंच 'ईवीएएल कोलंबो 2018' की प्रथम बैठक हुई। श्री जगदंबिका पाल, संसद सदस्य, लोक सभा और श्रीमती वन्दना हेमंत चव्हाण, संसद सदस्य, राज्य सभा ने उपरोक्त बैठक में भाग लिया। श्रीमती अनीता भट्ट पांडा, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल की सचिव थीं। भारतीय शिष्टमंडल ने "जिम्मेदार संसद:कार्य सूची 2030 शासन में समीक्षा को सुचारू बनाना"जैसे समग्र विषय के अंतर्गत उपरोक्त बैठक के दौरान विचार विमर्श किए गए मुद्दों/विषयों पर प्रभावी ढंग से भागीदारी की।

5. <u>19 से 21 सितंबर, 2018 को बाकु, अजरबैजान में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अजरबैजान की प्रथम संसद का 100वां वार्षिक समारोह</u>

19 से 21 सितंबर, 2018 को बाकु, अजरबैजान में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अजरबैजान की प्रथम संसद का 100वां वार्षिक समारोह संपन्न हुआ। डॉक्टर के. एच. मुनियप्पा, संसद सदस्य, लोक सभा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल प्रोफेसर चिंतामणि मालवीय, संसद सदस्य, लोक सभा और श्री वी विजय साई रेड्डी, संसद सदस्य राज्य सभा ने भाग लिया। डॉ दिलीप कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे। भारतीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने अपने भाषणों में अन्य बातों के साथ-साथ समारोह की

ऐतिहासिक सार्थकता और भारत- अजरबैजान द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डाला।

6. **<u>सितंबर 2018 में ब्रूसेल्स, यूरोपीय संसद में 10वीं एशियाई - यूरोप संसदीय साझेदारी बैठक (ए एस ई पी-10)</u>**

26-27 सितंबर 2018 को ब्रूसेल्स, यूरोपीय संसद में 10वीं एशियाई- यूरोप संसदीय साझेदारी बैठक (ए एस ई पी-10) संपन्न हुई। श्री अजय कुमार मिश्र, संसद सदस्य, लोक सभा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने बैठक में भाग लिया। शिष्टमंडल के अन्य सदस्य थे:- श्री उदित राज, संसद सदस्य, लोक सभा और श्री सांभाजी छत्रपति, संसद सदस्य, लोक सभा श्री देशराज शेखर, निदेशक, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

"जलवायु परिवर्तन और बढ़ते पर्यावरण चुनौतियों का सामना करता एशिया और भारत: सतत विकास और वृत्तीय अर्थव्यवस्था, शहरी क्षेत्र प्रबंधन, जल संसाधन सहयोग, कचरा उपचार और प्लास्टिक के प्रयोग में कमी, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के समग्र विषय के अंतर्गत बैठक में विचार-विमर्श हुआ। भारतीय शिष्टमंडल ने सभी सत्रों में भाग लिया। समारोह के अंत में एक निष्कर्ष दस्तावेज को स्वीकार किया गया।

7. **<u>2 से 5 अक्टूबर, 2018 को जेनेवा में (एक) विश्व व्यापार संगठन के संबंध में संसदीय सम्मेलन के आईपीयू संचालन समिति का 42 वां सत्र (दो) विश्व व्यापार संगठन लोक मंच 2018 की रूपरेखा के अंतर्गत संसदीय सत्र और (तीन) विश्व व्यापार संगठन लोक मंच 2018 की बैठकें सम्पन्न हुईं</u>**

श्री अनुराग सिंह ठाकुर, संसद सदस्य, लोक सभा, सभापति, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति और संसदीय सम्मेलन की आईपीयू संचालन समिति के सदस्य ने 2 से 5 अक्टूबर 2018 को

जेनेवा, स्विट्जरलैंड में उपरोक्त समारोह में भाग लिया। उपरोक्त बैठकों के दौरान, निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई :

(एक) व्यापार 2030:सतत व्यापार और प्रौद्योगिकी संपन्न व्यापार; और

(दो) व्यापार समझौतों में सतत विकास।

8. 4 से 6 अक्टूबर, 2018 को ईजमिर (तुर्की) में सामाजिक तथा सांस्कृतिक मामलों संबंधी एपीए स्थायी समिति की बैठकें और एपीए स्थायी कार्यकारिणी परिषद की प्रथम

श्री राजीव प्रताप रूडी, संसद सदस्य, लोक सभा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल श्री ओम बिरला, संसद सदस्य, लोक सभा और डॉक्टर (सुश्री) सोनल मान सिंह, संसद सदस्य, राज्य सभा ने 4 से 6 अक्टूबर 2018 को ईजमिर (तुर्की) में उपरोक्त बैठक में भाग लिया। श्री वाई. एम.कांडपाल, निदेशक, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे। उपरोक्त बैठकों के दौरान चर्चा और प्रस्ताव स्वीकार करने हेतु विभिन्न संकल्प सामने आए।

9. 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2018 तक ब्यूनस एयर्स (अर्जेंटीना) में जी-20 संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन की बैठक

31 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2018 तक ब्यूनस एयर्स (अर्जेंटीना) में जी -20 संसदीय अध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। श्रीमती सुमित्रा महाजन, अध्यक्ष, लोक सभा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने सम्मेलन में भाग लिया। शिष्टमंडल के अन्य सदस्य थे: श्री टी.के. रंगराजन, संसद सदस्य, राज्य सभा और कुमारी शोभा करंदलजे, संसद सदस्य, लोक सभा। श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, महासचिव, लोक सभा ने भी शिखर सम्मेलन में भाग लिया। श्री पी. सी. कौल, सयुंक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

शिखर सम्मेलन का विषय तीन महत्वपूर्ण विषयों: कार्य का भविष्य, भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई तथा तथा लिंग समानता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने देते हुए उचित और सतत विकास हेतु सर्व सहमति बनाना था।

10. **<u>29 नवंबर-2 दिसंबर 2018 तक इस्तांबुल, तुर्की में एपीए की 11वीं पूर्ण और दूसरी कार्यकारिणी परिषद की बैठक</u>**

29 नवंबर से 2 दिसंबर, 2018 तक इस्तांबुल , तुर्की में एपीए की 11वीं पूर्ण और दूसरी कार्यकारिणी परिषद समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रोफेसर मनोज कुमार झा, संसद सदस्य, राज्य सभा ने बैठक में भाग लिया। माननीय सदस्य के साथ श्री योगेंद्र सिंह, प्रोटोकॉल अधिकारी, लोक सभा सचिवालय भी साथ में थे। पूर्ण सत्र के दौरान "एशिया में आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना" विषय पर आम चर्चा हुई। एपीए की दूसरी कार्यकारिणी समिति परिषद की बैठक और एपीए की स्थाई समितियों की निम्नलिखित बैठकें भी इस अवसर पर हुई :

(एक) सामाजिक और सांस्कृतिक कार्य संबंधी स्थाई समिति और एपीए महिला सांसदविदों की बैठक ;

(दो) राजनीतिक कार्य संबंधी स्थाई समिति और एशियाई संसद संबंधी कार्य दल;

(तीन) बजट और आयोजना संबंधी स्थाई समिति; और

(चार) आर्थिक और सतत विकास संबंधी स्थाई समिति।

उपरोक्त बैठकों के दौरान चर्चा और प्रस्ताव को स्वीकार करने हेतु विभिन्न संकल्प सामने आए। कार्यक्रम की समाप्ति पर' 'इस्तांबुल घोषणा' नामक एक घोषणा पत्र भी स्वीकार किया गया।

11. <u>3-5 दिसंबर 2018 को जेनेवा (स्विटज़रलैंड) में आठवां विश्व ई-संसद सम्मेलन आयोजित</u>

श्री संजय शामराव धोत्रे, संसद सदस्य, लोक सभा के दो भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के नेतृत्व में श्री राजीव चंद्रशेखर, संसद सदस्य, राज्य सभा ने 3- 5 दिसंबर, 2018 को जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में आठवें विश्व ई-संसद सम्मेलन में भाग लिया। श्रीमती मंजू शर्मा, निदेशक, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल की सचिव थी। सम्मेलन का विषय संसदें, प्रौधोगिकी और आविष्कार थे। कार्यक्रम के अंत में निष्कर्ष दस्तावेज को भी स्वीकार किया गया।

12. <u>6-7 दिसंबर 2018 को जेनेवा (स्विटज़रलैंड) में विश्व व्यापार संगठन संबंधी संसदीय सम्मेलन का वार्षिक 2018 सत्र संपन्न हुआ</u>

6-7 दिसंबर 2018 को जेनेवा (स्विटज़रलैंड) में विश्व व्यापार संगठन संबंधी संसदीय सम्मेलन का वार्षिक 2018 सत्र संपन्न हुआ। श्री अनुराग सिंह ठाकुर, संसद सदस्य, लोक सभा के नेतृत्व में एक तीन सदस्यीय भारतीय शिष्टमंडल डॉक्टर किरीट जयंतीलाल सोमैया, संसद सदस्य, लोक सभा और डॉक्टर स्वप्न दासगुप्ता, संसद सदस्य, राज्य सभा ने बैठक में भाग लिया। श्री

एल. वी.रमन्ना, अपर निदेशक, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

सत्र के दौरान निम्नलिखित विषयों पर अंतः संवाद चर्चाएं संपन्न हुई:

(एक) विश्व व्यापार संगठन: भविष्योन्मुख योजना;
(दो) विश्व व्यापार संगठन के समक्ष चुनौतियां और अवसर;
(तीन) विश्व व्यापार संगठन 2030; और
(चार) प्रौद्योगिकी विकास किस प्रकार लोगों को लाभान्वित कर सकता है?

ग. <u>अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की केंद्रीय निधि में अंशदान</u>

संसद के स्वीकृत अनुदान में से वर्ष 2019 हेतु अंतर संसदीय संघ की केंद्रीय निधि में 99,100/-सीएच एफ़ (71,00,000/-रुपये) भारतीय संसदीय समूह द्वारा वार्षिक अंशदान का भुगतान किया गया।एएसजीपी को 550 की सीएचएफ धन राशि (38,500/-रुपये) भी प्रदान की गई।

<u>भाग–दो</u>

<u>राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) से जुड़ी कार्य घटनाएं</u>

भारत राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) का सदस्य है। लोक सभा सचिवालय सीपीए की भारतीय शाखा के सचिवालय के रूप में कार्य करता है तथा यह सीपीए भारत क्षेत्र का सचिवालय है। वर्ष **2018-19** में सीपीए की भारतीय शाखा सत्तरवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। सितम्बर **2004** से भारत क्षेत्र सीपीए का पृथक क्षेत्र बन चुका है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम संपन्न हुए:

(एक) <u>अप्रैल, 2018 में लन्दन, ब्रिटेन में राष्ट्रमंडल महिला मंच शिखर सम्मेलन का आयोजन</u>

सीपीए मुख्यालय सचिवालय द्वारा राष्ट्रमंडल स्थानीय सरकार मंच (सीएलजीएफ) के सहयोग से 16-18 अप्रैल, 2018 तक लन्दन में राष्ट्रमंडल महिला मंच शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रमंडल में सभी महिलाओं तथा बालिकाओंके लिए सतत विकास, समृद्धि तथा शांति हेतु लैंगिक समानता की प्रगति में तेजी लाने के तरीकों का पता लगाने की महत्वाकांक्षा के साथ इस कार्यक्रम का विषय ''महिलाओं तथा बालिकाओं हेतुसशक्त भविष्य'' था। महिला मंच द्वारा वर्ष 2030 तक राष्ट्रमंडल में ''कोई पीछे छूट न जाए'' की व्यापक प्रतिबद्धता के भाग के रूप में महिलाओं के समक्ष अभी आ रही कुछ वैश्विक चुनौतियों पर विचार व्यक्त किया गया। इस शिखर सम्मेलन के पश्चात् लन्दन में आयोजित राष्ट्रमंडल राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में इस मंच के निष्कर्षी वक्तव्य को प्रस्तुत किया गया।

श्रीमती किरण अनुपन खेर, सांसद (लोक सभा)तथा सी डब्ल्यू पी भारत क्षेत्र संचालन समिति की सभापति, सुश्री भावना गवली (पाटील), सांसद (लोक सभा) तथा श्रीमती शताब्दी राय, सांसद लोक सभा ने भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

महिला मंच शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई:

<u>एस डी जी को बनाए रखना</u>

लैंगिक समानता को प्राप्त करने तथा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण में राष्ट्रमंडल की भूमिका।

<u>महिला नेतृत्व</u>

किस प्रकार हम राजनीतिक, सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में महिला नेतृत्व की भूमिका बढ़ा सकते हैं?

<u>महिला, शांति तथा सुरक्षा</u>

पूरे राष्ट्रमंडल में महिलाओं द्वारा मध्यस्थता के प्रयास: चुनौतियाँ, अवसर तथा भविष्य की कार्यप्रणाली के राष्ट्रमंडल की सफल कार्यशैली से हम क्या सीख सकते हैं।

<u>नेतृत्व तथा सशक्तिकरण</u>

(i) हिंसक उग्रवाद को रोकने तथा इसके निवारण में एवं अस्थिर माह◌ौल में मध्यस्यता करने में महिलाओं की भूमिका।

(ii) संसद तथा स्थानीय शासन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी।

(iii) महिला तथा चुनाव संबंधित हिंसा।

(iv)

साझा भविष्य की ओर

पूर्ण सत्र के संयुक्त उद्‌घाटन मंच में यह प्रश्न पूछा जाएगा कि भविष्य का राष्ट्रमंडल किस प्रकार का होगा**?** किस प्रकार व्यापार**,** सिविल समाज तथा सरकार की विशेषज्ञता को साझा कर राष्ट्रमंडल द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है**?**

सशक्तिकरण हेतु शिक्षा

सम्पूर्ण राष्ट्रमंडल में बालिकाओं के लिए समान तथा गुणवत्तापरक प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा को यर्थात बनाया जाना।

विविधिता एवं महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण

वैश्विक व्यापार द्वारा क्या अवसर प्राप्त होंगे तथा किस प्रकार हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि महिलाएं अपने व्यापार क◌ो बढ़ाने हेतु इन लाभों का उपयोग कर सके?

परिवेश जो सशक्तिकरण प्रदान करता हो

1. महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सही नीतिगत परिवेश संबंधी अधिकार प्राप्त करना।
2. महिला तथा अनौपचारिक अर्थव्यवस्था।
3. महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण प्रगति में सहायक घटक।
4. परिसंपत्तियों तक पहुंच हेतु महिलाओं को सक्षम बनाना।

अवरोध समाप्त किया जाना: महिलाओं और बालिकाओं के प्रति हिंसा

उभरते साक्ष्यों का आकलन कर किस प्रकार हम राष्ट्रमंडल देशों के बेहतर क्रियाकलापों को साझा कर महिलाओं और बालिकाओं के प्रति हिंसा (वी ए डब्ल्यू जी) की वैश्विक दरों को कम कर सकते हैं**?**

इस सत्र में अंतरंग साथी द्वारा की जा रही हिंसा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो वी ए डब्ल्यू जी का सर्वाधिक व्यापक रूप है।

समुदाय में सशक्तिकरण हेतु अवरोध को समाप्त किया जाना।

(i) अहितकारी प्रथा को समाप्त किया जाना-बाल तथा कम उम्र में जबरन विवाह तथा बालिकाओं का खतना
(ii) यौन**,** प्रजननीय तथा स्वास्थ्य संबंधी अधिकार।
(iii) विभिन्न प्रकार के शोषण का उन्मूलन।

भारतीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने इन सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

(दो) राष्ट्र मंडल संसदीय संघ (सीपीए) की जून 2018, में विल्टन पार्क वेस्ट ससेक्स, ब्रिटेन में लोकतांत्रिक विधायिकाओं हेतु मानदंडों संबंधी बैठक

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की 18 से 20 जून 2018, तक विल्टन पार्क, वेस्ट ससेक्स, ब्रिटेन में लोकतांत्रिक विधायिकाओं के लिए मानदंडों पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य लोकतांत्रिक विधायिकाओं के लिए सीपीए द्वारा अनुशंसित मानदडों के अद्यतन प्रारूप संस्करण की समीक्षा करना था। डॉ. एम तम्बी दुरई, माननीय उपाध्यक्ष, लोक सभा ने बैठक में भाग लिया।

मानदंडों पर हुई बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई:

(i) एस डी जी एस तथा संसद: राष्ट्रों की भूमिका
(ii) मानदंडों को अद्यतन बनाया जाना: मुख्य चुनौतियां
(iii) जेंडर तथा बेंचमार्किंग
(iv) स्व आकलन संबंधी अनुभवों को साझा करना
(v) फील्ड गाईड तैयार करना
(vi) अद्यतन मानदंड संबंधी समझौता

लोक सभा के माननीय उपाध्यक्ष ने ''प्रभाव तथा प्रभावकारिता एवं स्व आकलन में भारतीय संसद के अनुभव/सर्वोत्तम प्रक्रिया'' विषय पर मुख्य भाषण दिया।

(तीन) **सीपीए कार्यकारिणी समिति की नवम्बर, 2018 में लन्दन, ब्रिटेन में आयोजित बैठक**

सीपीए कार्यकरिणी समिति की 5 से 9 नवम्बर, 2018 तक लन्दन, ब्रिटेन में बैठक आयोजित हुई थी सीपीए भारत क्षेत्र के निम्नलिखित दो क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया:

(i) श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी, अध्यक्ष, असम विधान सभा
(ii) श्री प्रेम चन्द अग्रवाल, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा

श्री फिरोज वरूण गांधी, सांसद (लोक सभा) तथा सीपीए भारत संघ शाखा के क्षेत्रीय प्रतिनिधि अपरिहार्य परिस्थितिवश बैठक में भाग नहीं ले पाए।

सीपीए कार्यकारिणी समिति की बैठक के अलावा, श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी, अध्यक्ष, असम विधान सभा ने वित्त संबंधी उप समिति की बैठक में भाग लिया तथा श्री प्रेम चन्द अग्रवाल, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा ने योजना तथा समीक्षा उप समिति की बैठक में भाग लिया।

(चार) **<u>जनवरी</u>** <u>2019</u> **<u>में वालेश, माल्टा में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन संबंधी स्थायी समिति (सीएसपीओसी) की बैठक</u>**

10-11 जनवरी**, 2019** को वालेटा**,** माल्टा में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन संबंधी स्थायी समिति (सीएसपीओसी) की बैठक आयोजित की गई। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष तथा लोक सभा के महासचिव ने बैठक में भाग लिया।

स्थायी समिति ने जनवरी**, 2020** में कनाडा में आयोजित होने वाली **25**वीं सीएसपीओसी के लिए निम्नलिखित चार विषयों तथा एक विशेष पूर्ण विषय को अनुमोदित किया:

विषय **1.** संसदीय कार्य: खुलापन**,** पारदर्शिता तथा जवाबदेही
संसद तथा नागरिकों को प्रभावी तथा कुशलता पूर्वक जोडना प्रासंगिक संसदीय सूचनाआं और संदेशों को समय पर उपलब्ध कराने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग

विषय 2**.** संसदीय सभा (असेम्बली) के विस्थापन से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों तथा अवसर संसदीय भवनों के पुनरुद्धार तथा पुन:स्थापन का प्रक्रियागत**,** औपचारिक तथा प्रशासनिक प्रभाव अत्यावश्यक तथा अप्रत्याशित अस्थायी विस्थापनों के दौरान कार्य की निरन्तरता

विषय **3.** प्रभावशाली जनप्रतिनिधि तथा संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों के रूप में सांसद: क्रम विकास
नीतिगत मुद्दों की बढ़ती जटिलता में प्रक्षेत्र विशेषज्ञों की भूमिका
चैम्बर तथा समिति कार्य हेतु आधिकारिकरूप से मान्यता प्राप्त दलों के परे समर्थन प्राप्त करना

विषय **4.** संसदीय संदर्भ में तथा इसके परे व्यक्तियों की सुरक्षा साईबर सुरक्षा के उभरते मुद्दे तथा संसदीय विशेषाधिकार पर इसका प्रभाव सोशल मीडिया एक प्रभावी साधन न कि अस्त्र सतत उपागम को सुनिश्चित करना तथापित व्यक्ति की सुरक्षा विशेष पूर्ण सत्र: समावेशी संसदें: संसद के बदलते स्वरूप तथा आवश्यकताओं को आत्मसात करते हुए उभरती प्रक्रिया तथा पद्धति के समर्थन में अध्यक्ष की भूमिका

(पांच) **राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में वार्षिक योगदान**

राष्ट्रमंडल ससंदीय संघ के लिए वर्ष 2018-19 हेतु राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारतीय शाखा का वार्षिक योगदान 32,387 पाउण्ड था जो 29,75,985 रूपये के समतुल्य था और इसका भुगतान संसद द्वारा स्वीकृत अनुदान से किया गया।

भाग – तीन

द्विपक्षीय विचार-विमर्श एवं अन्य घटनाएं

एक. भारत में आमंत्रित विदेशी संसदीय शिष्टमंडल

1. **श्रीलंका:** श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष माननीय कारु जयसूर्या के नेतृत्व में एक बारह सदस्यीय संसदीय शिष्टमटल ने 9 से 14 सितम्बर, 2018 तक भारत की यात्रा की।

    शिष्टमंडल ने सोमवार 10 सितम्बर, 2018 को श्री रामनाथ कोविन्द, भारत के राष्ट्रपति; श्री नरेन्द्र मोदी, भारत के माननीय प्रधानमंत्री; श्रीमती सुमित्रा महाजन माननीय अध्यक्ष, लोक सभा तथा श्रीमती सुषमा स्वराज माननीय विदेश मंत्री से मुलाकात की। तत्पश्चात शाम को माननीय अध्यक्ष द्वारा शिष्टमंडल के सम्मान में भोज का आयोजन किया गया।

    शिष्टमंडल ने दिल्ली के अतिरिक्त आगरा, वाराणसी, सारनाथ तथा बेंगलुरु की भी यात्रा की। अपनी बेंगलुरु यात्रा के दौरान शिष्टमंडल ने इंफोसिस, इसरो तथा जी.के.वी.के. कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

2. **रूसी संघ:** महामहिम रूस की संघीय सभा फेडेरल असेम्बली ऑफ रशियन फेडरेशन की स्टेट डूमा के चेयरमेन श्री व्याचेसलाव वोलोडिन के नेतृत्व में रूसी संघ के अठारह सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 8 से 10 दिसम्बर, 2018 तक भारत की यात्रा की।

    शिष्टमंडल ने सोमवार 10 सितम्बर, 2018 को श्री एम वेंकैया नायडू, भारत के उपराष्ट्रपति और सभापित, राज्य सभा, श्री नरेन्द्र मोदी, भारत के माननीय प्रधानमंत्री; श्रीमती सुमित्रा महाजन माननीय अध्यक्ष, लोक सभा से मुलाकात की। भारत-रूस अंतर संसदीय आयोग के पांचवे सत्र का आयोजन भी उसी दिन किया

गया। शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया।

3. **<u>जाम्बिया गणराज्य</u>:** जाम्बिया गणराज्य की राष्ट्रीय असेम्बली के स्पीकर सेवानिवृत माननीय न्यायाधीश डा. पैट्रिक माटीबिनी के नेतृत्व में जाम्बिया गणराज्य के 9 सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 16 से 21 दिसम्बर, 2018 तक भारत की यात्रा की।

शिष्टमंडल ने सोमवार 17 दिसम्बर, 2018 को श्री एम वेंकैया नायडू, भारत के उपराष्ट्रपति तथा सभापति, राज्य सभा तथा श्रीमती सुमित्रा महाजन, माननीय अध्यक्ष, लोकसभा से मुलाकात की। बाद में सांयकाल में शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया। शिष्टमंडल ने मंगलवार, 18 दिसम्बर, 2018 को विदेशी मामलों संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सभापति तथा सदस्यों के साथ बैठक की।

दिल्ली के अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने आगरा की यात्रा भी की।

दो. <u>विदेशों के दौरो पर भारतीय संसदीय शिष्टमंडल</u>

1. **<u>बेलारूस</u>:** माननीय अध्यक्ष लोक सभा श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक आठ सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने 9 से 13 जून, 2018 तक द्विपक्षीय विचार-विमर्श कार्यक्रम के अंतर्गत बेलारूस गणराज्य की यात्रा की। शिष्टमंडल के सदस्यों में श्री राजीव प्रताप रूडी, श्री सुदीप बंदोपोध्याय, श्रीमती जयश्रीबेन कानूभाई पटेल, डा. के. केशवराव, श्री अरविंद गणपत सावंत और श्री जी.वी.एल. नरसिम्हाराव (संसद सदस्य) और लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव थीं और लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव श्री पी.सी. कौल शिष्टमंडल के सचिव थे।

2. **<u>लातविया और फिनलैंड</u>:** माननीय अध्यक्ष लोक सभा श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक आठ सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने द्विपक्षीय विचार-विमर्श कार्यक्रम के अंतर्गत 13 से 17 और 17-18 जून, 2018 तक क्रमश: लातविया और फिनलैंड की यात्रा की। शिष्टमंडल के सदस्यों में श्री रामसिंह राठवा, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, श्री ए. टी. नाना पाटील, श्रीमती कमला देवी पाटले और श्री के. सी. रामामुर्ति (संसद सदस्य) और लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव थीं और लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव श्री पी.सी. कौल शिष्टमंडल के सचिव थे।

तीन. <u>संसद भवन परिसर में विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों का दौरा/भेंट</u>

1. **<u>जार्जिया</u>:** जार्जिया के राजूदत महामहिम श्री अर्चिल जूलियाशविली ने 29 मई, 2018 को संसद भवन में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

2. **<u>कजाकिस्तान</u>:** कजाकिस्तान गणराज्य के राजूदत महामहिम श्री बुलत सारसेणबायेफ ने 29 मई, 2018 को संसद भवन में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

3. **<u>ब्रिटेन</u>:** लार्ड राज लुम्बा, सी बी ई ने 30 मई, 2018 को 20 अकबर रोड, नई दिल्ली में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

4. **<u>रवांडा</u>:** रवांडा गणराज्य की सीनेट के प्रेसीडेंट सेवानिवृत्त माननीय बर्नार्ड माकूजा ने 29 जुलाई, 2018 को संसद भवन में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

5. **<u>संयुक्त राष्ट्र</u>:** संयुक्त राष्ट्र के महाचिव महामहिम श्री एन्टोनियो गुटेरेस् ने 2 अक्तूबर, 2018 को संसद भवन, में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

6. **<u>क्रोएशिया</u>:** महामहिम श्रीमती मरिजा पेजसिवोविक बुरिक, क्रोएशिया की उप-प्रधानमंत्री और विदेश तथा यूरोपीय मामलों

की मंत्री ने 22 अक्तूबर, 2018 को संसद भवन, में माननीय लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की।

चार. <u>भारतीय संसदीय समूह के तत्वावधान में आयोजित समारोह/सम्मेलन और राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि</u>

1. <u>राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि</u>

निम्नलिखित राष्ट्रीय नेताओं की जन्म वर्षगांठ के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष जहां राष्ट्रीय नेताओं के चित्र लगाए गए हैं, में प्रत्येक नेता के नाम के सामने दर्शायी गई तिथि को समूह के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया:-

(1.)	बाबू जगजीवन राम	5 अप्रैल, 2018
(2.)	डा. बी. आर. अम्बेडकर	14 अप्रैल, 2018
(3.)	पंडित मोतीलाल नेहरू	6 मई, 2018
(4.)	गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर	9 मई, 2018
(5.)	स्वानंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर	28 मई, 2018
(6.)	श्री के. एस. हेगड़े	11 जून, 2018
(7.)	डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी	6 जुलाई, 2018
(8.)	श्री बाल गंगाधर तिलक	23 जुलाई, 2018
(9.)	श्री राजीव गांधी	20 अगस्त, 2018
(10.)	दादाभाई नौरोजी	4 सितम्बर, 2018
(11.)	महात्मा गांधी	2 अक्तूबर, 2018

(12.)	श्री लाल बहादुर शास्त्री	2 अक्तूबर, 2018
(13.)	सरदार वल्लभ भाई पटेल	31 अक्तूबर, 2018
(14.)	देशबंधु चितरंजन दास	5 नवम्बर, 2018
(15.)	मौलाना अबुल कलाम आजाद	11 नवम्बर, 2018
(16.)	पंडित जवाहर लाल नेहरू	14 नवम्बर, 2018
(17.)	श्रीमती इंदिरा गांधी	19 नवम्बर, 2018
(18.)	श्री जी. वी. मावालंकर	27 नवम्बर, 2018

(19.)	डा. राजेन्द्र प्रसाद	3 दिसम्बर, 2018
(20.)	श्री सी. राजगोपालाचारी	10 दिसम्बर, 2018
(21.)	चौधरी चरण सिंह	23 दिसम्बर, 2018
(22.)	पंडित मदन मोहन मालवीय	25 दिसम्बर, 2018
(23.)	नेताजी सुभाष चंद्र बोस	23 जनवरी, 2019
(24.)	लाला लाजपत राय	28 जनवरी, 2019
(25.)	श्री एम.ए. आयंगर	4 फरवरी, 2019
(26.)	श्रीमती सरोजिनी नायडू	13 फरवरी, 2019
(27.)	श्री मोरारजी देसाई	28 फरवरी, 2019
(28.)	डा. राम मनोहर लोहिया	23 मार्च, 2019

इस अवसर पर अध्यक्ष, लोक सभा, उपाध्यक्ष, लोक सभा केन्द्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों, और अन्य व्यक्तियों ने उपरोक्त नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा सचिवालय के अनुसंधान एवं सूचना प्रभाग द्वारा तैयार की गई उपर्युक्त नेताओं की जीवनी पुस्तिकाएं भी इस अवसर पर वितरित की गई।

2. <u>वर्ष 2013, 2014, 2015, 2016 और 2017 हेतु उत्कृष्ट सांसद सम्मान प्रदान करने हेतु समारोह</u>

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला, पूर्व संसद सदस्य, श्री हुक्मदेव नारायण यादव, संसद सदस्य, (लोक सभा); श्री गुलाम नबी आजद, संसद सदस्य (राज्य सभा); श्री दिनेश त्रिवेदी, संसद सदस्य, (लोक सभा) और श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य, (लोक सभा) को क्रमश: वर्ष 2013, 2014, 2015, 2016 और

2017 के लिए उत्कृष्ट सांसद सम्मान प्रदान करने हेतु एक समारोह 1 अगस्त, 2018 को 1800 बजे, केन्द्रीय कक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने सम्मान प्रदान किए। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, भारत के माननीय प्रधान मंत्री तथा माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

पांच. **<u>परिचय पत्र/फैक्स संदेश</u>**

विभिन्न देशों में अन्तरससंदीय संघ के राष्ट्रीय ग्रुपों, राष्ट्रमंडल संघ की शाखाओं तथा भारतीय मिशनों को विदेश जाने वाले ग्रुप के निम्नलिखित सदस्यों के पक्ष में उनका परिचय देने वाले पत्र और फैक्स संदेश भेजे गए:-

1. श्री केसिनेनी श्रीनिवास (नेनी), संसद सदस्य
2. डॉ. थोकचोक मेन्या, संसद सदस्य
3. श्री ए.टी. नाना पाटील, पूर्व संसद सदस्य
4. डॉ. एम. तंबिदुरै, एचडीएस, लोकसभा
5. श्री सी. एम. रमेश, संसद सदस्य
6. श्री के. पी. सिंह देव, पूर्व संसद सदस्य
7. प्रो. सुगत बोस, संसद सदस्य
8. श्री भीमराव वी.पाटील, संसद सदस्य
9. श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी, संसद सदस्य
10. श्री राधेश्याम बिश्वास, संसद सदस्य
11. श्री अभिजित मुखर्जी, संसद सदस्य

12. श्री बिष्णु पद राय, संसद सदस्य

13. श्री आधलराव पाटील शिवाजीराव, संसद सदस्य

14. श्रीमती रक्षाताई खाडसे, संसद सदस्य

15. श्री यशवंतराव गडाख पाटील, पूर्व संसद सदस्य

छह. अन्य देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन

चीन, यूरोपीय संघ, जापान, मंगोलिया, कोरिया गणतंत्र, रूसी संघ और वियतनाम के साथ मौजूदा संसदीय मैत्री समूह के अतिरिक्त एलएसी, बेलारूस, श्रीलंका और सेशेल्स के साथ संसदीय मैत्री समूह बनाने का निर्णय लिया गया। **(परिशिष्ट-I में सूचीबद्ध)**

सात. सदस्यता

उल्लिखित वर्ष के दौरान संसद के 13 सदस्यों को समूह के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया था। 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार समूह के सदस्यों की कुल संख्या 1460 है। [सदस्य (लो.स./रा.स.)321(234/87) है और संबद्ध सदस्य 1139 हैं।]

आठ. निधन संबंधी उल्लेख

कार्यकारिणी समिति बहुत ही दुख के साथ सूचित करती है कि वर्ष 2018-2019 के दौरान समूह के निम्नलिखित सदस्यों का निधन हो गया:-

1. श्री बालकवि बैरागी, पूर्व संसद सदस्य
2. श्री शांताराम नाइक, पूर्व संसद सदस्य

3. श्री सुरेन्द्र कुमार सिंगला, पूर्व संसद सदस्य
4. श्री एम.एम. जैकब, पूर्व संसद सदस्य
5. श्री भीष्म नारायण सिंह, पूर्व संसद सदस्य
6. श्री आर.के. धवन, पूर्व संसद सदस्य
7. डा. रत्नाकर पाण्डेय, पूर्व संसद सदस्य
8. श्री सत्य प्रकाश मालवीय, पूर्व संसद सदस्य
9. प्रो. राम देव भंडारी, पूर्व संसद सदस्य
10. श्री पी.के. महेश्वरी, पूर्व संसद सदस्य
11. श्री जय नारायण प्रसाद निषाद, पूर्व संसद सदस्य
12. श्री प्रबोध पांडा, पूर्व संसद सदस्य
13. श्री कांडाला सुब्रह्मण्यम, पूर्व संसद सदस्य
14. श्री सनत कुमार मंडल, पूर्व संसद सदस्य
15. डा. भोला सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा)
16. श्री जारबोम गामलिन, पूर्व संसद सदस्य
17. श्री सोमनाथ चटर्जी, पूर्व संसद सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, लोक सभा
18. भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व संसद सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री
19. श्री अनंत कुमार, संसद सदस्य (लोक सभा) एवं रसायन और उर्वरक तथा संसदीय कार्य मंत्री
20. श्री एम. आई. शानवाश, संसद सदस्य (लोक सभा)

21. श्री मंसूर अली खान, पूर्व संसद सदस्य

22. श्री पी. माणिक रेड्डी, पूर्व संसद सदस्य

23. श्री गुरूदास कामत, पूर्व संसद सदस्य

24. श्री शांताराम पोटदुखे पूर्व संसद सदस्य

25. श्रीमती कमला कुमारी, पूर्व संसद सदस्य

26. श्री सी.के. जाफर शरीफ, पूर्व संसद सदस्य

27. श्री बी.पी. सिंघम, पूर्व संसद सदस्य

28. श्री जितेन्द्र सिंह बुंदेला, पूर्व संसद सदस्य

29. श्री लड्डु किशोर स्वाईं, संसद सदस्य (लोक सभा)

30. श्री केयूर भूषण, पूर्व संसद सदस्य

31. श्री भानु प्रकाश सिंह, पूर्व संसद सदस्य

नौ. लेखे

लेखा परीक्षक द्वारा प्राप्ति और भुगतान लेखा, आय और व्यय लेखा, तुलन पत्र और प्रमाण पत्र को दर्शाने वाला विवरण प्रक्रियाधीन है। समूह के निधि के निवेश का विवरण **परिशिष्ट-II - VII** में दिया गया है।

दस. आयोजित बैठकें

1. भारतीय संसदीय समूह की कार्यकारिणी समिति की बैठक

वर्ष 2018-19 के दौरान, भारतीय संसदीय समूह की कार्यकारिणी समिति की बैठक भारतीय संसदीय समूह के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक 7 जनवरी, 2019 को हुई। बैठक में कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश **परिशिष्ट-सात** साथ में दिया गया है।

2. भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक आम बैठक

वर्ष 2018-19 के दौरान, भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक आम बैठक 7 जनवरी, 2019 को हुई।

3. संसदीय मैत्री समूह की बैठकें

(क) भारत-रूस संघ संसदीय मैत्री समूह की बैठक: श्रीमती हेमा मालिनी, संसद सदस्य (लोक सभा) के नेतृत्व में भारत-रूस संघ संसदीय मैत्री समूह की एक बैठक रूसी संघ के कमेटी ऑन कांस्टीट्यूशनल लेजिसलेशन एंड स्टेट-बिल्डिंग ऑफ काउंसिल ऑफ फेडरेशन असेंबली के चेयरपर्सन, श्री एंड्रे किशास के नेतृत्व में आमंत्रित शिष्टमंडल के साथ 3 अप्रैल, 2018 को 1700 बजे, कक्ष संख्या 1, संसदीय सौंध विस्तार भवन, नई दिल्ली में हुई। विदेश मंत्रालय [संयुक्त सचिव (इ आर एस)] के एक प्रतिनिधि ने भारत-रूस संबंधी समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी दी।

(ख) भारत-चीन संसदीय मैत्री समूह की बैठक: श्री रमन डेका, संसद सदस्य, लोक सभा के नेतृत्व में भारत-चीन संसदीय मैत्री समूह और समूह के अध्यक्ष के बीच एक बैठक गुरुवार, 9 अगस्त, 2018 को हुई। विदेश मंत्रालय के एक प्रतिनिधि [संयुक्त सचिव (इ ए)] ने भारत-चीन संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी मुहैया कराई।

(ग) भारत- यूरोपीय संघ संसदीय मैत्री समूह की बैठक: यूरोपीय संसद के ईसीआर समूह के यूको सह अध्यक्ष, डॉक्टर सैयद कमाल के नेतृत्व में आमंत्रित शिष्टमंडल की एक बैठक भारतीय यूरोपीय संघ संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ बुधवार, 31 अक्टूबर, 2018 को हुई। विदेश मंत्रालय [संयुक्त सचिव (ई डब्लू)] के एक प्रतिनिधि ने भारत- यूरोपीय संघ संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

(घ) भारत- एलएसी संसदीय मैत्री समुह की बैठक: भारतीय लातिन अमेरिकी देश (एलएसी) संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों

हेतु एक ब्रीफिंग बैठक बुधवार, 19 दिसंबर, 2018 को हुई। विदेश मंत्रालय [संयुक्त सचिव (एलएसी)] के एक प्रतिनिधि ने भारत-एलएसी संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की।

(ङ) **भारत-रूसी संघ संसदीय मैत्री समूह की बैठक:** श्रीमती हेमा मालिनी, संसद सदस्य (लोक सभा) के नेतृत्व में भारत रूसी संघ संसदीय मैत्री समूह की एक बैठक तथा फेडरेशन काउंसिल ऑफ फेडरल असेंबली ऑफ द रशियन फेडरेशन तथा कमेटी ऑन कांस्टीट्यूशनल लेजिसलेशन एंड स्टेट बिल्डिंग ऑफ द काउंसिल ऑफ फेडरेशन ऑफ द रशियन फैमिली के बीच सहयोग पर समूह के आमंत्रित शिष्टमंडल के साथ 6 फरवरी, 2019 को 1510 बजे, समिति कक्ष 'ई', संसदीय सौंध, नई दिल्ली में हुई। विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि [संयुक्त सचिव (ईआरएस)] ने भारत-रूस संबंधी समूह के सदस्यों को विषय से संबंधित जानकारी दी।

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

नई दिल्ली
December, 2019

<u>परिशिष्ट-I</u>

संसदीय मैत्री समूह

क्रम संख्या	देश का नाम
1	चीन
2	यूरोपीय संघ
3	जापान
4	मंगोलिया
5	कोरिया गणराज्य
6	रूस
7	वियतनाम
8	लातिन अमेरिकी देश
9	बेलारूस
10	श्रीलंका
11	सेशेल्स

<u>**परिशिष्ट-II**</u>

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति और भुगतान लेखा

विवरण	शेड्यूल सं.	राशि (रुपए में)	राशि (रुपए में)
		2018-19	**2017-18**
<u>**प्राप्तियां**</u> <u>**प्रारंभिक शेषः**</u> भारतीय स्टेट बैंक के बचत खाते में शेष		4,022,728	4,741,140
उप कुल (क)		**4,022,728**	**4,741,140**
<u>**वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ**</u>			
अंशदान		6,500	18,500
अन्य ब्याज	**4**	34,211	736
ब्याज सहित आई.टी. प्रतिदाय	**5**	592,690	-
वर्ष के दौरान परिपक्व हुई/अध्यर्पित सावधि जमा		11,207,935	5,302,359
उप कुल (ख)		**11,841,336**	**5,321,595**
कुल अंतर्वाह (क+ख)		**15,864,064**	**10,062,735**
<u>**वर्ष के दौरान भुगतान**</u>			
<u>**राष्ट्रीय महिला सांसद सम्मेलन**</u>		9,366,762	
<u>**फोटोग्राफ**</u>		30,365	2059
अल्पाहार और रात्रि भोज		24,838	359263
बैंक प्रभार		649	649
यात्रा		86,805	256245
पुरस्कार समारोह		736,087	
संप्रेषण व्यय		-	127,440
सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मानदेय		-	150,000
भुगतान		19,596	43,461
अन्य व्यय		124,508	100,890
विधिक और व्यावसायिक प्रभार		124,508	

लेखापरीक्षकों को भुगतान बैंक में रखी सावधि जमा		-	5,000,000
उप कुल (ग)		**10,514,118**	**6,040,007**
<u>जमा शेषः</u> भारतीय स्टेट बैंक के बचत खाते में शेष		5,349,946	4,022,728
उप कुल (घ)		**5,349,946**	**4,022,728**
कुल (ग+घ)		**15,864,064**	**10,062,735**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखों के अन्य नोट 7
संलग्न नोट वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं ।

संलग्न तिथि को हमारी विवरणी के अनुसार **एसएस कोठारी मेहता एंड कंपनी,** **सनदी लेखाकार** कंपनी पंजीकरण सं. 000756एन	के लिए और की ओर से **भारतीय संसदीय समूह**
नवीन अग्रवाल, सहभागी सदस्यता सं.094380 स्थानः नई दिल्ली, दिनांकः 27/08/2019	**महासचिव**

<u>परिशिष्ट-III</u>

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का आय एवं व्यय लेखा

(आंकड़े रुपए में)

विवरण	नोट सं.	31 मार्च, 2019 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त हुआ वर्ष
आय			
I. अंशदान	4	6,500	18,500
II. अन्य आय	5	6,536,299	658,880
III. कुल आय (I+II)		**6,542,799**	**677,380**
IV. व्यय			
महिला विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन		9,366,762	
	6	1,147,356	1,040,007

प्रशासनिक एवं अन्यय व्यय		
कुल व्यय	**10,514,118**	**1,040,007**
V. वर्ष का अधिशेष/(घाटा) (III-IV)	(3,971,319)	(362,627)

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखें के अन्य नोट 7

संलग्न नोट वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं ।

संलग्न तिथि को हमारी विवरणी के अनुसार **एसएस कोठारी मेहता एंड कंपनी** **सनदी लेखाकार** कंपनी पंजीकरण सं. 000756एन	के लिए और की ओर से **भारतीय संसदीय समूह**
नवीन अग्रवाल सहभगी को. नंबर – 094380 स्थानः नई दिल्ली दिनांकः 27/08/2019	**महासचिव**

<u>परिशिष्ट-IV</u>

31 मार्च, 2019 तक तुलन पत्र

(आंकड़े रुपए में)

विवरण	नोट सं.	31 मार्च, 2019 तक	31 मार्च, 2018 तक

I. इक्विटी और देयताएं (देनदारियां)			
(1) सदस्य कोष	1	56,308,983	60,280,302
(अ) भंडार और अधिशेष			
(2) वर्तमान देनदारियां			
(अ) अन्य वर्तमान देनदारियां (वी.एन. गडगिल अवार्ड)		2,241	2,241
कुल		**56,311,224**	**60,282,543**
II. परिसंपत्तियां			
(1) वर्तमान परिसंपत्तियां	2	55,349,946	59,022,728
(अ) नकद एवं नकद समकक्ष	3	961,279	1,259,815
(ब) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां			
कुल		**56,311,225**	**60,282,543**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य खातों के लिए नोट 7

संलग्न नोट वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग है ।

संलग्न तिथि को हमारी विवरणी के अनुसार **एसएस कोठारी मेहता एंड कंपनी** **सनदी लेखाकार** कंपनी पंजीकरण सं. 000756एन	के लिए और की ओर से **भारतीय संसदीय समूह**
नवीन अग्रवाल सहभागी मो. नंबर – 094380 स्थानः नई दिल्ली दिनांकः 27/08/2019	**महासचिव**

<u>परिशिष्ट-**V**</u>

एस.एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
प्ररूप सं. **10**खख
[देखिए नियम **16**गग]

धारा 10(23ग) की उपखंड (iv) अथवा उप खंड (v) अथवा उपखंड (vi) अथवा उपखंड (via) में संदर्भित किसी निधि अथवा न्यास अथवा संस्थान अथवा किसी विश्वविद्यालय अथवा किसी शैक्षणिक संस्थान अथवा किसी अस्पताल अथवा अन्य चिकित्सा संस्थान के मामले में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के तहत लेखापरीक्षा रिपोर्ट :

(i) हमने दिनांक **31.03.2019** की स्थिति के अनुसार **भारतीय संसदीय समूह** के तुलनपत्र की जाँच की है और उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के संलग्न आय और व्यय लेखा की जाँच की है ।

(ii) हम पुष्टि करते हैं कि तुलनपत्र तथा आय और व्यय विवरण **कक्ष सं. 338-340, संसदीय सौध, नई दिल्ली-110001** स्थित मुख्य कार्यालय द्वारा अनुरक्षित लेखा बही के साथ मेल खाते हैं ।

(iii) (क) जहाँ तक हमें पता है और विश्वास है, हमने सभी जानकारियाँ तथा स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए जो लेखापरिक्षा के प्रयोजनार्थ अनिवार्य थे ।

(ख) हमारे मतानुसार, जहाँ तक हमारे द्वारा लेखाबही की जाँच से प्रतीत होता है संस्थान के मुख्यालय द्वारा लेखाबहियों का उचित रखरखाव किया गया है ।

(ग) जहाँ तक हमें पता है और विश्वास है और हमें प्रदान की गई जानकारी के अनुरूप, उक्त खाते के साथ पठित टिप्पण, निम्नवत् का सही और सटिक विवरण प्रस्तुत करती हैः-

(1) तुलनपत्र के मामले में, दिनांक **31.03.2019** की स्थिति के अनुसार संस्थान के मामले का ब्योरा; और

(2) उक्त तिथि पर वर्षांत के लिए आय और व्यय लेखा के मामले का ब्योरा।
विहित ब्योरा इसके साथ संलग्न है ।

कृते एस.एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण संख्या 000756एन
नवीन अग्रवाल
भागीदार
सदस्यता सं.094380
यूडीआईएन-19094380एएएएसीआर 4523

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 27.08.2019

परिशिष्ट-VI

भारतीय संसदीय समूह के निवेश

भारतीय स्टेट बैंक (संसदीय सौंध) के पास सावधि जमा (एफडी)

धनराशि	जारी होने की तिथि	एफडी रसीद सं.	परिपक्वता की तिथि
5,00,00,000/-	12.12.2018	38124856493	11.06.2019

परिशिष्ट-VII

वर्ष 2018-2019 में समूह की कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

तिथि	विषय	लिए गए निर्णय
07.01.2019	वर्ष 2017-2018 हेतु भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक रिपोर्ट	समिति ने लेखा परीक्षित विवरण लेखों के साथ भारतीय संसदीय समूह के वर्ष 2017-2018 हेतु वार्षिक रिपोर्ट को स्वीकार किया।

****